# कंडीपार वेयर हाऊस में रात के अंधेरे में उतरी धान!

**सिवनी नवभारत।** जिला सिवनी के कंडीपार में संचालित धान उपार्जन केंद्र पर गुरुवार रात करीब 9 बजे के बाद नियमों को ताक पर रखकर धान उतारे जाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार ट्रक क्र. एचपी 28 सी 8251 से धान उतारी गई, जिसे सिवनी व्यापारी नीरज साहू और शरद साहू द्वारा केंद्र में डंप कराया गया है। खास बात यह है कि इस पूरी कार्रवाई की जानकारी केंद्र प्रभारियों को नहीं थी। जब हमारे संवाददाता इस मामले को लेकर केंद्र प्रभारी के पास पहुंचे तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई सूचना नहीं है। प्रभारी ने यह भी माना कि यदि रात के समय ट्रक से धान लाई गई है तो यह शासन के स्पष्ट निर्देशों का उल्लंघन है, क्योंकि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए रात्रिकालीन परिवहन और उतारने की अनुमति नहीं है। सूत्रों के अलावा ऐ यहां के किसान और ग्रामीणों में भारी आक्रोश दिखाई दे रहा है। व्यापारी द्वारा बाहर से धान लाकर उपार्जन केंद्र में डंप की गई है, जिसे बाद में किसानों के नाम पर समर्थन मूल्य पर खरीदी दिखाने की तैयारी है। इस तरह की प्रक्रिया से व्यापारियों को अवैध लाभ पहुंचाने और शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने की आशंका जताई जा रही है। जिस पर रात में ही कुछ लोगों द्वारा शिकायत पर पुलिस सक्रिय होकर रात में तत्काल मौके पर कार्यवाही के लिए पहुंची।

### डूंडासिवनी पुलिस ने की जांच शुरू, ट्रक नहीं किया गया जप्त







### उठ रहे सवालिया निशान

जब इस पूरे मामले में पुलिस द्वारा व्यापारी को फोन कर के खरीदी केंद्र में बुलाया गया तो व्यापारी द्वारा पुलिस को गुमराह करते हुए सुबह 9.00 बजे ट्रक सहित आने को कहा। लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई और ट्रक को भी जप्त नहीं किया गया। इससे रात्रि में ड्यूटी अधिकारी जो मौके पर पहुंची थे उसे पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं कि कही इस पूरे मामले पर रफा- दफा होने की संभावना दिखाई दे रही है। तभी तो अभी तक थाने में ना तो व्यापारी उपस्थित हुआ है और ना ही ट्रक। इसकी जानकारी थाना प्रभारी को नहीं होगी। क्योंकि शिकायतकर्ता और कुछ ग्रामीणों द्वारा जब थाना पहुंचकर इस पूरे मामले में उन्हें अवगत कराया तो उन्होंने कार्यवाही के लिए आश्वासन दिया है। इस पूरे मामले की शिकायत के बाद डूडा सिवनी पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि धान कहां से लाई गई, किसके आदेश पर रात में उतारी गई और इसमें किन-किन लोगों की भूमिका है।

### खरीदी प्रभारियों की भूमिका संदिग्ध

मामले में खरीदी प्रभारी खुद को अनजान बता रहे हैं, लेकिन लगातार सामने आ रही घटनाएं यह संकेत दे रही हैं कि कहीं न कहीं निगरानी तंत्र कमजोर है या जानबूझकर आंखें मूंदी जा रही हैं। अब यह देखना अहम होगा कि पुलिस जांच और प्रशासनिक कार्रवाई किस दिशा में जाती है और क्या दोषियों पर सख्त कदम उठाए जाते हैं या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाता है। क्योंकि आज पूरे क्षेत्र में यह मामला जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

### पहले भी पकड़ी जा चुकी है बाहर की धान

गौरतलब है कि जिले में इससे पहले भी प्रशासनिक अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश से लाई गई धान से भरे तीन ट्रकों को जब्त किया था। इसके बावजूद कुछ उपार्जन केंद्रों पर बाहरी धान को स्थानीय किसानों के नाम पर खरीदी किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। क्योंकि पिछले साल भी यूपी की धान को लेकर नवभारत समाचार पत्र ने प्रमुखता से इस मुद्दे को खबर प्रकाशित करते हुए जल प्रतिनिधि सहित शासन प्रशासन को ध्यान आकर्षित किया था जिस पर संज्ञान लेते हुए बड़ी कार्यवाही हुई थी और आज भी इस मामले को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि निश्चित तौर पर अगर कार्यवाही निष्पक्ष होती है तो यूपी की धान का मामला एक बार फिर सिवनी में देखने को मिल सकता है।





# 45 साल बाद इतिहास दोहराया

### पंचकल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन गर्भ कल्याणक की धूम, उमड़ा आस्था का सैलाब

**छपारा नवभारत।** दिगंबर जैन पंचायत सभा द्वारा आयोजित ऐतिहासिक श्री 1008 मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महामहोत्सव के तीसरे दिन पूरा छपारा नगर भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। 14 जनवरी से शुरू हुए इस महामहोत्सव में तीसरे दिन शुक्रवार 16 जनवरी को गर्भ कल्याणक (उत्तर रूप संस्कार) की क्रियाएं विधि-विधान से संपन्न की गईं। मुनिश्री के सानिध्य में गूंजे मंत्र महोत्सव के तीसरे दिन की शुरुआत प्रात: काल पत्र शुद्ध अभिषेक और शांति धारा के साथ हुई। नित्य पूजन के बाद गर्भ कल्याणक पूजन और शांति हवन किया गया। मुनिश्री के सानिध्य में आयोजित धर्मसभा में श्रद्धालुओं ने आशीर्वचन और प्रवचन का लाभ लिया। मुनिश्री ने अपने प्रवचन में गर्भ संस्कार और जीवन में धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। दिन के प्रमुख आकर्षणों में प्रात: 1130 बजे आयोजित गोद भराई की रस्म रही, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे भव्य घट यात्रा जुलूस निकाला गया। दोपहर में नवीन मंदिर बेदी शिखर का शुद्ध संस्कार किया गया, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरी। शाम के समय कार्यक्रम की भव्यता और बढ़ गई। 6:30 बजे संगीत में महाआरती के बाद रात्रि 7:30 बजे नाभि राय राजदर सजाया गया। इसमें स्वप्न फल कथन का मंचन हुआ, अष्ट देवियों द्वारा माता की सेवा और 56 कुमारियों द्वारा भेंट समर्पण के दृश्य ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। साथ ही, चिकित्सकों द्वारा गर्भधारण परामर्श शिविर एवं गर्भ संस्कार क्रिया का भी आयोजन किया गया जो समाज के लिए एक अनूठी पहल रही।

## एक नजर में

### अग्रसेन भवन में मकर संक्राति उत्सव पर मेला आज

**सिवनी।** अग्रवाल समाज द्वारा सामाजिक परिवारों के बीच 17 जनवरी को उत्साह से मकर संक्राति उत्सव मनाया जाएगा। अग्रवाल समाज समिति के तत्वाधान में प्रगति महिला मंच द्वारा शनिवार को दोपहर 2 बजे से अग्रसेन भवन लूघरवाडा में सामाजिक बंधुओ के लिए मकर संक्रति मेला आयोजित किया गया है, जिसमें सभी अग्रवाल परिवार सम्मलित होंगे। मेला स्थल भवन परिसर में विविध प्रकार के व्यंजन व गेम के स्टाल लगाए जाएंगे। अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं होंगी। तिली के व्यंजन बनाओ व पतंग सजाओ प्रतियोगिताओ का आयोजन इस अवसर पर किया गया है। साथ ही सामूहिक पतंग उड़ाने का आनंद भी सामाजिकजन लेंगे। सभी प्रतियोगताओं के लिए प्रतियोगियों को आवश्यक सामग्री स्वयं लाना होगा। पतंग उड़ाने में चाइनीज मांझा प्रतिबंधित किया गया है। अग्रसेन भवन परिसर में निर्मित भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर में 56 भोग लगाकर पूजन किया जाएगा। अग्रवाल समाज समिति ने सभी स्वजाति बंधुओं से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### राज्यस्तरीय कराते प्रतियोगिता हेतु दल रवाना



**छपारा।** 16 वी मध्यप्रदेश राज्य इंडियन कराटे चैम्पियनशिप इंडिया आर्गनाइजेशन (चढ्ढह) मध्यप्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएसन से संबंद्ध एवं मान्यता प्राप्त सेल्फडिफेस स्कूल आफ इंडियन कराते चेम्पियनशिप में स्पोर्टस कराते डेवलपमेंट सिवनी की टीम मास्टर नारायण सिंह प्रजापति के निर्देशन में शुक्रवार को बालाघाट हेतु 12 सदस्यीय टीम शामिल होने रवाना हुई खेल प्रेमी अभिभावको व पदाधिकारियों ने शुभकामना दी।

### राजपूत कॉलोनी में विशाल हिन्दू सम्मेलन 18 जनवरी को




**सिवनी।** सनातन धर्म की गरिमा और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने हेतु नगर के राजपूत कॉलोनी स्थित शिवशक्ति मंदिर प्रागण में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन आगामी 18 जनवरी को दोपहर 01 बजे से रखा गया है। विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति नगर सिवनी के द्वारा समस्त हिन्दू बंधुओं और भगिनियों से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सहपरिवार सम्मलित होकर हिन्दू एकता का संदेश को सुदृढ़ करने का आग्रह किया गया है। विशाल हिन्दू सम्मेलन के आयोजन को लेकर राजपूत कॉलोनी क्षेत्र में घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित करके लोगों को आमंत्रित करते हुए हमारा धर्म हमारी पहचान के मूल-मंत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। राजपूत कॉलोनी में आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन के संयोजक दिलीप नेमा, सहसंयोजक कन्हैया नाविक, महिला संयोजक सीमा गौर, कोषाध्यक्ष मूलचंद चौरसिया, संरक्षक अरविंद गार्वे, बस्ती प्रमुख संजय साहू के द्वारा आगामी 18 जनवरी को शिवशक्ति मंदिर राजपूत कॉलोनी में आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन में उपस्थिति की अपील की है।

# धान परिवहन कर रहा ट्रक पकड़ाया

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्ग दर्शन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

थाना यातायात के वाहन चेकिंग दल द्वारा चेकिंग के दौरान वाहन क्र. केए 53 सी1035 जो की धान का परिवहन कर रहा था बिना फिटनेस के माल का परिवहन करते पाया गया साथ ही वाहन माल बॉडी से बाहर भरा हुआ था जिस पर मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 5500 रुपए का जुर्माना कर समन शुल्क वसूल किया गया।

इसी तरह वाहन क्र. यूपी 71 सीटी 5556 प्रतिबंधित समयावधि में नियमों का उल्लंघन करते हुए गांधी भवन चौक पर आ गया एवं जिसमें बॉडी से बाहर धान भरकर परिवहन करते पाया गया जिसे ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक तिलकराम धुर्वे द्वारा रोका गया एवं थाना यातायात को सूचना दी गयी, जिस पर सहायक उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह परिहार द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 5500/ रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया जाकर समन शुल्क वसूल किया गया।



### आरबी भोपाल की टीम का खुलासा : दूसरे जिलों से सिवनी के खरीदी केन्द्रों में पहुंच रही अमानक धान

# खरीदी केन्द्र से 450 क्विंटल खराब धान बरामद, जांच जारी

**सिवनी नवभारत।** जिले में धान खरीदी व्यवस्था में इस वर्ष गड़बड़ियों के पुराने सारे रिकॉर्ड टूटते नजर आ रहे हैं। अलग-अलग खरीदी केन्द्रों से लगातार अनियमितताओं के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला धूमा क्षेत्र का है, जहां शिवहरे वेयरहाउस स्थित खरीदी केन्द्र में लगभग 450 क्विंटल कीड़े लगी पुरानी और खराब धान पाए जाने से हड़कंप मच गया है। भोपाल से आई जांच टीम ने सुरेश सनखेरे, प्रबंधक मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन जिला सिवनी, पवन सेंडे, केंद्र प्रभारी नागरिक आपूर्ति निगम लखनादौन, पवन यादव, केंद्र प्रभारी मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन लखनादौन, शिवजी पटेल, जिला सुपरवाइजर सिवनी सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि यह धान इस वर्ष की उपज नहीं है और न ही किसी किसान की बताई जा रही है।



जबलपुर के टेग मिले जांच के दौरान खराब धान के ढेर में जबलपुर जिले के खरीदी केन्द्रों के पुराने टेग भी मिले हैं। इससे स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि यह अमानक धान दूसरे जिले से परिवहन कर धूमा के खरीदी केन्द्र में लाई गई। अधिकारियों का कहना है कि धूमा का यह केन्द्र सिवनी-जबलपुर जिले की सीमा से लगा हुआ है, जिससे बाहरी जिले से धान लाए जाने की आशंका और मजबूत हो जाती है। पूर्व में भी सिवनी जिले में अन्य जिलों से धान लाकर खरीदी कराने के मामले सामने आ चुके हैं।

**व्यापारी की भूमिका संदिग्ध**

संयुक्त जांच टीम का मानना है कि यह धान व्यापारी द्वारा मिक्स कर लाई गई हो सकती है, जिसे किसानों के नाम पर खपाने की कोशिश की गई। मौके पर पंचनामा तैयार कर धान को खरीदी के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

सुरेश सनखेड़े, जिला प्रबंधक, नान सिवनी ने बताया जांच के दौरान खरीदी केन्द्र में किसानों के नाम पर लगभग 450 क्विंटल खराब धान पाई गई है। पंचनामा बना लिया गया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

वहीं रजनीश कुमार कौरव, फील्ड ऑफिसर, आरबी एसोसिएट्स भोपाल ने कहा वेयरहाउस खरीदी केन्द्र में अमानक स्तर की, कीड़े लगी धान मिली है। इसमें जबलपुर बरेला के पुराने टेग पाए गए हैं। यह स्पष्ट है कि यह व्यापारी द्वारा बुलाया गया मिक्स धान है। सैंपल लेकर जांच की जा रही है।

# गंगा सागर संगम मेले में उमड़ा जनसैलाब

### महाआरती, चुनरीभेंट, छप्पनभोग,दीपदान और भंडारे का हुआ आयोजन

**केवलारी नवभारत।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर केवलारी के बैन गंगा सागर संगम मेला में डुबकी लगाने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। युवा विचार मंच केवलारी द्वारा से अवसर पर मां बैनगंगा की पूजन, हवन, भव्य महाआरती , दीपदान , चुनरी भेंट, 56 भोग, एवं भंडारा प्रसादी इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह से श्रद्धालुओं ने वैनगंगा का हवन पूजन किया गया।



### चुनरीभेंट और महाआरती रही आकर्षण का केन्द्र

युवा विचार मंच के अध्यक्ष पंडित नवीन कृष्ण दुबे ने बताया कि यह आयोजन वर्ष 2015 से प्रारंभ किया गया है और यह 2026 का आयोजन 12 वाँ आयोजन है। मां बैनगंगा की महाआरती कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि मां बैनगंगा की कृपा से क्षेत्र में सुख- शांति बनी रहे , हमारा सिवनी जिला खुशहाल हो, दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करे । इस आयोजन में 14 जनवरी को शाम 5:30 बजे मां बैनगंगा की महाआरती सम्पन्न हुई एवं 15 जनवरी को प्रात: काल से ही मां बैनगंगा की पूजन, हवन, चुनरी भेंट, 56 भोग, महाआरती, दीपदान एवं भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें भव्य चुनरी भेंट और मां वैनगंगा की भव्य दिव्य महाआरती आयोजन आकर्षण के केन्द्र रही।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला 21 जनवरी को

**सिवनी।** कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशानुसार तथा मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय आईटीआई एवं शासकीय महाविद्यालय छपारा के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 21 जनवरी को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक शासकीय महाविद्यालय छपारा, जिला सिवनी में आयोजित होगा। मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

### बरेला में विशाल ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**घंसौर नवभारत।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम बरेला में खेरमाई प्रांगण शिव शक्ति कबड्डी क्लब के तत्वाधान में 16 जनवरी से 18 जनवरी विशाल ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम बरेला में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 10 हज़ार रुपए, तृतीय पुरस्कार 4 हजार 500 सौ रुपए एवं चतुर्थ पुरुस्कार 2 हज़ार 500 रुपए नगद दिया जाएगा।


**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

**भारतीय रिज़र्व बैंक में कार्यालय परिचारक के पद हेतु भर्ती-पैनल वर्ष 2025**

भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंक के विभिन्न कार्यालयों में ''कार्यालय परिचारक'' के **572 पदों** के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

2. अन्य समस्त विवरणों, जैसे पात्रता मानदंड, रिक्तियों संबंधी आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुतिकरण और अन्य निर्देशों के लिए कृपया दिनांक **15 जनवरी 2026** को बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन तथा एंप्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में दिनांक **24 जनवरी 2026 को/बाद के अंक** में प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन को देखें। उम्मीदवार उपर्युक्त पदों के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) से ही आवेदन कर सकते हैं।

**3. महत्वपूर्ण तिथियाँ* :**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण और आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क के भुगतान हेतु वेबसाइट लिंक खुलना | 15 जनवरी 2026 – 04 फरवरी 2026 |
| ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथि | 28 फरवरी और 01 मार्च 2026 |

*बैंक इन तिथियों में कोई भी परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**टिप्पणी:** उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर ही प्रकाशित किया जाएगा।


**समस्या** | **जिला कांग्रेस ने कलेक्टर से मिलकर उठाई मांग, दावा आपत्ति दर्ज कराने वाले व्यक्ति की पहचान स्पष्ट रूप से ली जाये**

# नामावली में दावे आपत्ति की शिकायतों का हो त्वरित निराकरण

**सिवनी नवभारत।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में 2025 की एसआईआर के पश्चात निर्वाचक नामावली में दावे-आपत्ति दर्ज कराने में की जा रही घोर लापरवाही की जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी को प्राप्त जानकारी को संज्ञान में लेकर दावे आपत्ति की शिकायतो के त्वरित निराकरण हेतु जिला कलेक्टर से मुलाकात कर पत्र देकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में आरओ (एसडीएम) द्वारा दावे आपत्ति के लिए प्रारूप 7 में पेश किये जा रही आपत्ति के प्रारूप 7 में निर्देश नियमो के अनुसार मतदाता नामावली में त्रुटि सुधार हेतु दावा आपत्ति दर्ज कराने वाले व्यक्ति की कहा गया कि पहचान स्पष्ट रूप से ली जाये ताकि एसआईआर के पश्चात नामावली में नियमानुसार सुधार करने की मांग की गई। पत्र में यह भी बताया गया कि सिवनी विधानसभा 115 के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र में निम्नाकिंत बूथ क्रं. 263, 268, 270, 276, 277, 278, 284, 285, 288, 292 एवं अन्य बूथो पर भी नगरीय क्षेत्र से बाहरी व्यक्तियों व अन्य दूसरे बूथो के व्यक्तियों के द्वारा फार्म नं. 7 भरकर आपत्ति दर्ज करायी गई है। उक्त दावे आपत्ति की जांच किये जाने का अनुरोध किया गया है।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिला कलेक्टर से यह भी मांग की है कि आपत्तिकर्ताओं से मय शपथ पत्र के साथ उनके वोटर आईडी प्रुफ लेकर निम्नाकिंत शिकायतों पर जांच की कार्यवाही की जावे एवं जांच की झूठी शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित व्यक्तियों पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950(1950 का 43) की धारा 31 के अधीन कार्यवाही करने एवं सिवनी जिले की चारो विधानसभाओं के अंतर्गत 114. 115. 116. 117 के अधीन प्रारूप 7 में दर्ज आपत्ति की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करायी जावे।

इस अवसर पर शिव सनोडिया, आजम दीवान अली, यशपाल भलावी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष तनवीर अहमद, पार्षद राजिक अकील, जोएब जकी अनवर, अशोक नरेती, लक्ष्मण मरावी, किशोर तेकाम, नेपाल उइके सहित अन्य लोगो की उपस्थिति रही।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा**

पता- आजाद भवन टाउन हॉल खंडवा. 450001 दूरभाष- 07332223523 ईमेल commkhanndwa@mpurban.gov.in

क्रमांक:क्र/रा.बा./ 989/2026 — खण्डवा दिनांक 13/01/2026

**द्वितीय ई-निविदा विज्ञप्ति**

निगम स्वामित्व की नीचे वर्णित संपत्तियों को मध्यप्रदेश अचल अंतरण नियम 2016 संशोधन 2021 -2023 के प्रपत्र के अंतर्गत 30 वर्ष की लीज पर उच्चतम प्रीमियत राशि एवं निर्धारित मासिक किराये के आधार पर दिये जाने हेतु अधिकतम समय की प्रस्थापना (निविदा ऑफर) ऑनलाइन टेडर कम ऑक्शन पद्धति से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा वेबसाईट www.mptendors.gov.in पर देखी जा सकती है।

**संपत्ति वितरण**

राजमाता सिधिया शॉपिंग काम्पलेक्स भूतल की छत किराये पर दिये जाने हेतु

| क्र. | ई-निविदा क्रमांक | भवन | अनारक्षण | भवन का क्षेत्रफल | आरक्षित (आफसेट) मूल्य | प्रतिभूति राशि (अमानत राशि) | ईटेण्डर प्रपत्र राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_475475_1 | राजमाता सिधिया शॉपिंग कॉम्पलेक्स भूतल की छत को आवंटन हेतु | अनारक्षित | 506.31 वर्ग मीटर | 1,75,00,000/- | 4.35,500/- | 5.000/- |

निविदा ऑनलाईन क्रय तथा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27/01/2026 - (शाम 05.30 बजे तक)
निविदा खोलने की दिनाक 29/01/2026 - (प्रात: 10:30 बजे)

1 विस्तृत शर्ते जिसमे अनुबंध की व्यापक शर्तें भी शामिल है, का अवलोकन कार्यालयीन समय मे नगर पालिक निगम की राजस्व शाखा में किया जा सकता है।
2 न्यूनतम आरक्षित मूल्य से कम राशि की निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदा ऑफर स्वीकृति / अस्वीकृति का अधिकार आयुक्त न.पा.नि. खण्डवा के पास सुरक्षित रहेगा।
3 निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन www.mptendors.gov.in पर ही प्रदर्शित किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

उपायुक्त (राजस्व)
नगर पालिक निगम खण्डवा